सुविधा | **कलेक्टर, एसपी और स्वास्थ्य विभाग की सफलता से सुरक्षित रेफर, परिजन और मौजूद देखने वाले लोगों ने एयर एंबुलेंस की सराहना की**

# मरीज सपना को एयर एम्बुलेंस से भोपाल किया रेफर

**नवभारत,दमोह. जिले की तहसील हटा के ग्राम लुहर्रा निवासी गर्भवती महिला मरीज 24 वर्षीय सपना लोधी पति नीलेश लोधी को जब डिलीवरी के बाद जो थोड़े कॉम्प्लिकेशंस आए थे उससे मरीज की स्थिति गंभीर थी, ऐसी स्थिति में निर्णय लिया गया कि मरीज को राज्य सरकार की पीएम श्री एयर एम्बुलेंस योजना अंतर्गत लाभ दिलाते हुए तत्काल यहां से भोपाल शिफ्ट किया जाना चाहिए.**

इसी उद्देश्य से कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर की पहल पर शुक्रवार सुबह होमगार्ड ग्राउण्ड से एयर एम्बुलेंस के माध्यम से सपना लोधी को कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर, पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी, एएसपी सुजीत सिंह, सीएसपी एचआर पांडे, तहसीलदार राबिन जैन, आशुतोष गुप्ता,नोडल अधिकारी डॉक्टर विक्रांत चौहान, जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ रीता चर्टजी, डॉक्टर प्रहलाद पटेल सिविल सर्जन, डॉक्टर विजय पथोरिया, डॉक्टर वीरेंद्र सिंह, डॉक्टर राकेश राय, नर्सिंग ऑफिसर विनीत, अनीश खान, जग्गू वार्ड बॉय,टीआई कोतवाली मनीष कुमार, टीआई देहात रचना मिश्रा, टीआई एजेके अमित गौतम, यातायात दलबीरसिंह मार्को, चौकी प्रभारी रोहित द्विवेदी,सब इंस्पेक्टर नीतीश जैन,पीडब्ल्यूडी विभाग एसडीओ मनीषा मोंगनिया, सब इंजीनियर मनोज अहिरवार, स्थल सहायक राजेंद्र दुबे,होमगार्ड/एसडीईआरएफ डिस्ट्रिक्ट कमांडिंग हर्ष कुमार जैन, आबकारी विभाग, फायर ब्रिगेड, एम्बुलेंस,पर्याप्त पुलिस बल के अलावा और भी टीम के सहयोग से सुरक्षित एम्स भोपाल भेजा गया.कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने बताया स्वास्थ्य विभाग, जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन पूरी टीम में प्रभारी डॉक्टर विक्रांत चौहान ने पूरे मिशन को लीड किया और साथ में सिविल सर्जन तथा मेडिकल टीम ने इनका पूरा सहयोग किया. इसके लिए चॉपर एजेंसी जो चॉपर रन करती हैं उनके साथ संपर्क करके प्लान किया गया.उन्होंने बताया यहां से मरीज सपना लोधी को एयर एम्बुलेंस से रवाना कर दिया गया और वहां पर भोपाल उतरने के बाद वहां से फिर एम्बुलेंस तकाल इनको अस्पताल ले जाया गया और वहां पर इनका इलाज प्रारंभ हो गया.




### आयुष्मान कार्डधारी गरीब व्यक्तियों के लिए अब एयरलिफ्ट की नि :शुल्क सुविधा

गौरव पटेल ने कहा यह मध्य प्रदेश सरकार द्वारा स्वास्थ्य सेवाओं में उठाया गया एक महत्वपूर्ण कदम है .उन्होंने मुख्यमंत्री जी को धन्यवाद देते हुये कहा आयुष्मान कार्डधारी गरीब व्यक्तियों के लिए अब एयरलिफ्ट की सुविधा भी उपलब्ध हो गई है .मध्य प्रदेश सरकार स्वास्थ्य सेवाओं के विषय में बहुत गंभीरता से विचार कर रही है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि इन सेवाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे और अधिक से अधिक लोगों की ज़िंदगियों को बचाया जा सके .

### रोगी की स्थिति में सुधार दिख रहा है : डॉक्टर चटर्जी

जिला स्वास्थ्य अधिकारी डां रीता चटर्जी ने कहा एयरलिफ्ट की सुविधा के लिए मूल आवश्यकता यह है कि रोगी के पास आयुष्मान कार्ड होना चाहिए . विगत दिन दोपहर लगभग 2 :30 बजे लगा कि रोगी की स्थिति में सुधार दिख रहा है और हम उन्हें ले जा सकते हैं,विगत दिन शाम को ही एयरलिफ्ट कराने की कोशिश की .हालांकि सूर्यास्त के बाद यह प्रक्रिया नहीं हो सकती है . इस बीच हमें पता चला कि संबंधित व्यक्ति के पास आयुष्मान कार्ड भी नहीं है .राज्य की तरफसे भी यह कहा गया कि यदि कलेक्टर अनुमति देते हैं, तो यह हो सकता है . इसके बाद तुरंत कलेक्टर की अनुमति प्राप्त की, जिसके बाद एयरलिफ्ट की प्रक्रिया शुरू हुई .

### यह महत्वपूर्ण इसलिए क्योंकि पहली बार जिले से लाभ मिला



कलेक्टर श्री कोचर ने कहा दमोह के लिए यह महत्वपूर्ण इसलिए क्योंकि दमोह जिले के पहले मरीज को इस योजना के अंतर्गत भेजा गया . उन्होंने कहा हम आशा करते हैं कि भविष्य में भी यदि कोई ऐसे गंभीर पेशेंट आते हैं, तो इनको हम तत्काल इस सेवा का लाभ दिलाते हुए भेजेंगे . उन्होंने जिलेवासियों से आग्रह करते हुए कहा राज्य सरकार ने पीएम श्री एयर एम्बूलेंस सेवा के रूप में एक बहुत ही अच्छी योजना तैयार की है, जिसके माध्यम से बहुत गंभीर स्थिति में पेशेंट को सड़क मार्ग से ले आने में समय लग सकता है और उससे पेशेंट की जान भी जा सकती, लेकिन हवाई मार्ग से तत्काल पहुंचा करके और मरीज को राहत दिलाई जा सकती है, उनको बचाया जा सकता है . अधिक से अधिक लोग इस योजना का लाभ लें और यदि इस योजना का लाभ लेना है पेशेंट की हालत बहुत गंभीर है,तो दमोह हेल्पलाइन 07812350300 पर संपर्क कर सकते हैं .

### सपना लोधी की जिंदगी बचाने राज्य सरकार की प्रेरक योजना : राज्यमंत्री पटेल



राज्यमंत्री लखन पटेल ने कहा जिले की सपना लोधी की जिंदगी बचाने के लिए राज्य सरकार की प्रेरक योजना हैं ।पीएम श्री एयर एम्बुलेंस सेवा अंतर्गत गंभीर स्थिति में श्रीमती लोधी को दमोह से भोपाल एम्स अस्पताल तक तत्काल एयरलिफ्ट किया गया । साथ ही भोपाल एम्स में सफलतापूर्वक इलाज शुरू किया गया । श्री पटेल ने कहा कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग, पुलिस प्रशासन तथा मेडिकल टीम के समन्वित प्रयासों से इस मिशन को सफल बनाया गया । आयुष्मान कार्ड धारक मरीजों को प्राथमिकता देकर इस योजना से ग्रामीण और गरीब परिवारों को बड़ी राहत मिल रही है ।

### एयरलिफ्ट के माध्यम से दमोह से भोपाल एम्स भेजा गया



मौजूद भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे ने कहा मरीज सपना लोधी को गंभीर स्थिति में तत्काल एयरलिफ्ट के माध्यम से दमोह से भोपाल एम्स भेजा गया. उन्होंने कहा प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की महत्वाकांक्षी योजना गरीबो को तत्काल इलाज मिले. उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी जी की आयुष्मान कार्ड योजना का लाभ पहुंचे, लाभ भी तभी मिल पाएगा जब मरीज़ को सही समय पर अस्पताल तक पहुंचाया जा सके. इसलिए यह एयर एम्बुलेंस सुविधा बहुत ज़रूरी थी और एयर एम्बुलेंस की शुरुआत दमोह में होने से निश्चित रूप से गरीबों को लाभ मिलेगा . उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ . मोहन यादव का धन्यवाद ज्ञापित किया कि वह गरीब-लाभार्थी योजनाओं को ज़मीनी स्तर पर पहुंचाने के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं .

### कुछ समय पहले जिला अस्पताल आई थी,ठीक नहीं थी



नोडल अधिकारी डां विक्रांत चौहान ने कहा महिला सपना लोधी कुछ समय पहले जिला अस्पताल आई थी, मरीज को 06-07 माह का गर्भ था, इनका और बच्चे की स्थिति गर्भ के अंदर ठीक नहीं था . बच्चा गर्भ के अंदर शांत हो गया था, इन्हें जबलपुर और दमोह में इलाज उपंरात भोपाल भेजा गया हैं . कलेक्टर ने सभी को दिया धन्यवाद कलेक्टर श्री कोचर ने जिला अस्पताल के नोडल अधिकारी डॉ चौहान, सिविल सर्जन और संबंधित सभी डॉक्टर्स, जिला स्वास्थ्य अधिकारी और इस सेवा से जुड़े सभी लोगों और मेडिकल स्टाफको बहुत-बहुत बधाई और धन्यवाद दिया .उन्होंने आज की संपूर्ण व्यवस्थाओं में पुलिस प्रशासन, नगर पालिका और सभी संबंधितों को भी धन्यवाद ज्ञापित किया .

# 12वीं के बाद की पढ़ाई विद्यार्थियों के लिए बनी चुनौती

**कुम्हारी में महाविद्यालय की दरकार, उच्च शिक्षा के लिए छात्र-छात्राओं को 42 किलोमीटर दूर जाना पड़ता है**

अमर सेन

**कुम्हारी नवभारत 5 दिसंबर। क्षेत्र में कई वर्षों से महाविद्यालय खोलने की मांग की जा रही है, जिसे लेकर अभी तक आश्वासन ही मिला है। जिले से 42 किलोमीटर दूर बसे कुम्हारी कस्बे के छात्र-छात्राओं को महाविद्यालय में अध्ययन के लिए दमोह, कटनी या हटा जाना पड़ता है, जो विद्यार्थियों के लिए एक चुनौती बन गई है। इस क्षेत्र में महाविद्यालय का निर्माण होता है तो विद्यार्थियों को बहुत बड़ी राहत मिल जाएगी और उनका अध्ययन भी आसान हो जाएगा।**

महाविद्यालय का नहीं होना ऐसा प्रतीत होता है कि विकास की प्रबल धारा में कुम्हारी क्षेत्र पीछे रह गया है। इस क्षेत्र से 45 गांव से भी अधिक जुड़े हैं। इस क्षेत्र में यदि महाविद्यालय का निर्माण होता है तो ग्रामीण अंचलों के छात्र-छात्राओं का भविष्य स्वर्णिम हो जाएगा।



### छात्राओं की छूट जाती हैं पढ़ाई

छात्र तो जैसे तैसे अध्ययन के लिए दमोह, कटनी या हटा जा सकते हैं, लेकिन छात्राओं को बड़ी परेशानी का सामना करना पड़ता है, जिससे उनकी पढ़ाई बीच में ही छूट जाती है। उन्हें कक्षा 12वीं पास पर ही संतुष्ट होना पड़ता है। यह क्षेत्र कृषि पर आधारित है और रोजगार के साधन यहां उपलब्ध नहीं है। अधिकतर लोगों को मजदूरी के लिए पलायन करना पड़ता है। ऐसे में आर्थिक स्थिति कमजोर होने की वजह से भी शहरों में पढ़ाई का खर्चा उठाने में सक्षम नहीं होते और अपने सपनों को अधूरा छोड़कर कक्षा 12वीं के बाद आगे पढ़ने से वंचित रहते हैं, जो एक बड़ी चुनौती है।

### विधायक ने भी भोपाल तक बात पहुंचाई

महाविद्यालय की मांग को लेकर जहां हटा विधायक उमा देवी खटीक सहित जनप्रतिनिधि ने भोपाल जाकर इस मांग को रखा। छात्रों ने भी हस्ताक्षर कर मुख्यमंत्री तक यह बात पहुंचाई, लेकिन आज तक कुम्हारी में महाविद्यालय की स्थापना को लेकर कोई निर्णय नहीं हो पाया। वैष्णवी दुबे, अजीत जैन, कृष मेहरा, प्राची लोधी आदि विद्यार्थियों ने प्रशासन से मांग की है कि इस क्षेत्र में जल्द से जल्द महाविद्यालय खोलने की मांग की है।

### इनका कहना है

कुम्हारी में महाविद्यालय बन जाएगा तो हम लोगों के लिए एक सौगात होगी और आगे की पढ़ाई हम आसानी कर सकेंगे।

**निकिता लोधी, छात्रा कक्षा 12वीं विज्ञान समूह**

शहर की पढ़ाई महंगी होती है, यदि इस क्षेत्र में महाविद्यालय बनेगा तो ग्रामीण अंचलों के विद्यार्थियों को भी पढ़ाई करने में सुविधा होगी।

**शरद यादव, छात्र कक्षा 12वीं कला संकाय**

# धर्म का स्तंभ पौराणिक विधा में छुपा है : भगवान वेदांताचार्य



**नवभारत,दमोह।** जीव मात्र का कल्याण कैसे हो यह एक जीवंत प्रश्न है जो युगों से चला आ रहा है क्योंकि हम जिसमें चराचर जगत विद्यमान है प्राणी मात्र का जीवन एक दर्शन है जिसका आधार धर्म ही है जिसकी संपुष्टि पुराणों में छुपी है जिसमें शिव महापुराण की कथा सुलभता से उसे साकार करती दिखाई दे रही है इस कारण काशी में लाखों शिव भक्त संवाहक के रूप में धर्म के रक्षक बनके विश्व में धर्म ध्वजाथाम कर उसे लहरा रहे है जिसमें धर्माचार्य भी है जो अपनी ऊर्जा से सजग प्रहरी बन भगवान मृत्युंजय की साधना करके आत्मज्ञान की दिशा में कदम बढ़ाते है दार्शनिक दृष्टि से धर्माचार्यों, संन्यासियों के पास एक संतुलित दृष्टि है जो सुशासन युक्त राष्ट्रीय भावना की एकता में दिन रात एक कर जन मानस को ज्ञान भक्ति वैराग्य के हित में समर्पित किए हुए है इसलिए राष्ट्र का निर्माण धर्म के नैतिक मूल्यांकन के बिना नहीं। अखंड भारत का निर्माण यही संभव नहीं इसी की चाह में सत्यं शिवम् सुंदरम् का स्वरूप जन मानस में उतारना होगा जिसके लिए नवदिवसीय शिव कथा और लक्ष्मी नारायण महायज्ञ श्री महंत राम दास त्यागी बाबा शिवपुर के सानिध्य में चल रहा है।ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत रामदास त्यागी, सहित महंत मोहन दास कोतवाल, महंत रामेश्वर दास धनुर्धारी बाबा सियाराम दास यज्ञाचार्य पं.जितेन्द्र तिवारी, पं.लवकुश तिवारी व रोहित शुक्ला मुख्य यजमान विनोद दुबे, मंत्री पुरुषोत्तम जालान, कोषाध्यक्ष आनंद अग्रवाल, मीडिया प्रभारी कमलेश केशरी, सहित अनेक श्रद्धालुगण की उप स्थिति उल्लेखनीय रही।

# कार की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत



**नवभारत,दमोह.**जिले के देहात थाना क्षेत्र नरसिंहगढ़ चौकी के समीप चंपत पिपरिया में एक कार और बाइक की भिड़ंत में बाइक सवार युवक की मौत हो जाने पर नरसिंहगढ़ चौकी पुलिस जांच में जुटी हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार गुरुवार शाम चंपत पिपरिया के पास कार ने दो पहिया वाहन को टक्कर मार दी थी, जिसे बाइक सवार की हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल दमोह लाया गया.जहां डॉक्टर ने चेकअप उपरांत ईसीजी कराकर मृत घोषित कर दिया.शुक्रवार सुबह नरसिंहगढ़ चौकी से प्रआ राधेश्याम परिहार, आरक्षक अनुरुद्ध और रक्षा समिति सदस्य राजा खान ने पहुंचकर शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कार्रवाई करते हुए बताया कि मृतक महेंद्र पिता सुखलाल पटेल उम्र 30 वर्ष निवासी चंपत पिपरिया की मौत हो जाने पर शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कार्रवाई कर शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया और मर्ग कायम कर जांच में लिया है.

### ट्रक की टक्कर में दो घायल, एक गंभीर जबलपुर रेफर

**नवभारत,तेंदूखेड़ा/दमोह.** नगर से एक किलोमीटर दूर हायर सेकेंडरी स्कूल के मोटर साइकिल सवार ट्रक से आमने-सामने से टकरा गए .जिससे दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए .जिन्हें सामुदायिक स्वस्थ केंद्र लाया गया .जहां अनुज केवट पिता पवन केवट केवट मोहल्ला तेंदूखेड़ा की हालत गंभीर होने पर तत्काल जबलपुर मेडिकल रेफर कर दिया गया . दूसरे युवक यशराज यादव पिता बृजेश यादव का प्राथमिक उपचार करने के बाद डाक्टरों ने हालत ठीक होने पर छुट्टी देदी . जानकारी लेने पर पता चला कि दोनों युवक बुलेट मोटर साइकिल से झरौली ग्राम जा रहे थे . तभी उत्कृष्ट हायर सेकेंडरी स्कूल के आगे ट्रक क्रमांक एमपी 19 एचए 6724 से ड्राइवर साइड से सामने से टकराकर गंभीर रूप से घायल हो गए थे .

# कॉलेज चलो अभियान की शुरुआत

**नवभारत,दमोह. उच्च शिक्षा विभाग मध्य प्रदेश शासन भोपाल के निर्देशानुसार कॉलेज चलो अभियान के अंतर्गत शासकीय कमला नेहरू महिला महा विद्यालय के द्वारा प्राचार्य डॉ.जी.पी.चौधरी व कार्यक्रम प्रभारी डॉ.अवधेश जैन के मार्गदर्शन में शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में कार्यक्रम आयोजित किया गया.**

डॉ. प्रणव मिश्रा, डॉ. आराधना श्रीवास व डॉ. राजेश पौराणिक ने कक्षा 12वीं की छात्राओं को सत्र 2026-27 की प्रवेश प्रक्रिया के पूर्व मप्र शासन उच्च शिक्षा विभाग भोपाल द्वारा छात्र-छात्राओं को दी जाने वाली सुविधा विभिन्न योजनाओं व छात्रवृत्ति जैसे प्रतिभा किरण योजना,गांव की बेटी योजना, मेधावी जनकल्याण योजना व आवास एससी-एसटी ओबीसी की जानकारी के साथ ही महाविद्यालय में उपलब्ध सुविधाओं पाठ्यक्रम की जानकारी दी.इसके साथ ही नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में विशेष संरचना राष्ट्रीय शिक्षा नीति में नई शिक्षा नई उड़ान के संबंध में छात्राओं को अवगत कराया कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य डॉ. आलोक सोनवलकर व समस्त स्टाफ का मार्गदर्शन रहा.



### एक नजर में



### एसपी ने सड़कों पर उतरकर लोगों को पहनाएं हेलमेट

**नवभारत,दमोह** .शहर के पुराना थाना पर गुरुवार शाम को वाहन चेकिंग कार्रवाई के साथ बिना हेलमेट लगाए घूम रहे वाहन चालकों को हेलमेट पहनाकर पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी ने हेलमेट पहनने की विशेष हिदायत दी .बता दें कि यह हेलमेट जिले के प्रसिद्ध डॉक्टर डीएम संगतानी द्वारा प्रदत्त कराए गए,जिन्हें पुलिस अधीक्षक द्वारा वितरित किए गए .इस दौरान सीएसपी एचआर पांडे,कोतवाली मनीष कुमार, यातायात थाना प्रभारी दलबीर सिंह मार्को,बजरिया चौकी प्रभारी एएसआई राकेश पाठक सहित पुलिस बल मौजूद रहा .

कार्यवाही शुरू | **भाई की जगह देने गया था पेपर, कॉलेज प्रबंधन ने पुलिस को सौंपा**

# पीएमश्री कॉलेज में बॉटनी का पेपर देते पकड़ा गया मुन्ना भाई



**नवभारत,दमोह.** शहर के शासकीय पीएमश्री कॉलेज में शुक्रवार दोपहर एक फर्जी परीक्षार्थी को बॉटनी का पेपर देते हुए शिक्षकों ने पकड़ा है. जो अपने भाई के स्थान पर पेपर देने आया था.कॉलेज प्रबंधन ने तत्काल ही कोतवाली पुलिस को सूचना दी और छात्र के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई. जानकारी देते हुए पीएमश्री कॉलेज की प्राध्यापक डॉ सविता जैन ने बताया कि शुक्रवार को एमएससी थर्ड सेमेस्टर बॉटनी का एटीकेटी का पेपर था. रूम नंबर 25 में यह परीक्षा चल रही थी.जहां जगदीश काछी के स्थान पर भरत पटेल नाम का फर्जी छात्र पेपर दे रहा था. वह अन्य परीक्षार्थियों के साथ पेपर देने बैठ गया. कुछ देर बाद जब बांटनी के प्रोफेसर सुमन क्लास रूम में पहुंचे तो उन्होंने उस फर्जी छात्र को पहचान लिया. तत्काल ही प्राचार्य आलोक जैन को सूचना दी,जिसके बाद उस फर्जी परीक्षार्थी को क्लासरूम से बाहर लाया गया.उक्त युवक मगरोन गांव का रहने वाला भरत पटेल है.जो अपने भाई जगदीश काछी के स्थान पर पेपर देने पहुंचा था. उससे आइडी कार्ड मांगा गया, तो अपना पेनकार्ड दिया जिसमें उसका नाम भरत पटेल लिखा था.उसकी शक्ल जगदीश के एडमिड कार्ड की फेटो से मिल रही जिसे पहचानना मुश्किल था, लेकिन विषय के शिक्षक ने उसे पहचान लिया.तत्काल ही कोतवाली पुलिस को सूचना दी गई और प्राचार्य ने आरोपी छात्र के खिलाफ मामला दर्ज करने कोतवाली में आवेदन दिया.उस छात्र से भी पूछताछ की जाएगी जिसके स्थान पर यह मुन्ना भाई पेपर देने आया था.

**इनका कहना है...**

कोतवाली टीआई मनीष कुमार ने बताया की छात्र से पूछताछ की जा रही है,प्राचार्य के आवेदन पर मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी गई है.




### युवाओं को रोजगार नहीं देना चाहती भाजपा सरकार : यश घनघोरिया

**नवभारत,दमोह।** जिला युवा कांग्रेस द्वारा नवनिर्वाचित युवा कांग्रेस पदाधिकारियों की बैठक प्रदेश युवा कांग्रेस के अध्यक्ष यश घनघोरिया के मुख्य आतिथ्य में जिला युवा कांग्रेस कार्यालय में आयोजित की गई। प्रदेश युवा कांग्रेस अध्यक्ष यश घनघोरिया ने कहा कि आज सभी पदाधिकारी विपरीत परिस्थिति में जीत कर आये है जब चुनाव आयोग सत्ता का दलाल बना हुआ है तब युवाओं को ही आगे आकर जमीनी लड़ाई लडना होगी। उन्होंने 14 दिसंबर को राहुल जी के नेतृत्व में दिल्ली में होने जा रही रैली में अधिकाधिक संख्या में पहुंचने की अपील की।